RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 151 | WEDNESDAY DATE 24-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

सुनकर बांछें खिल गईं, स्वप्न हुआ साकार।
दिल अब मारे खुशी के, रहा छलांगें मार।
रहा छलांगें मार, हो रहा पूरा सपना।
आगे खाली नहीं, रहेगा खाता अपना।
कह साहिल कविराय, गुजारे हैं दिन गिनकर।
चार साल के बाद, खिल उठा दिल यह सुनकर।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

# धामी ने अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराने के दिए निर्देश

» **देहरादून, यूटर्न/ 23 जून ।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेशभर के सभी अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों, बड़े मॉल, होटल, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों का व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन संस्थानों में अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें तत्काल चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि



फायर सेफ्टी उपकरणों की कार्यशीलता, आपातकालीन निकास मार्गों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा आपदा की स्थिति में त्वरित निकासी की तैयारियों का विशेष रूप से परीक्षण किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अग्निशमन विभाग, जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर समयबद्ध ढंग से ऑडिट की प्रक्रिया पूरी की जाए।

इस अवसर पर बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, हेमकुंट साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत बिंद्रा, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव गृह शैलेश बगौली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, सचिव विनय शंकर पाण्डेय, डीजी अभिसूचना और सुरक्षा अभिनव कुमार, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी और अपर सचिव तृप्ति भट्ट मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राम मंदिर दान विवादः सलमान खुर्शीद ने सरकार से मांगी जवाबदेही

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर कहा कि यह आस्था और जनता के भरोसे से जुड़ा गंभीर मामला है, जिस पर केंद्र सरकार को जवाबदेह होना चाहिए। कांग्रेस नेता खुर्शीद ने कहा कि उन्होंने राम जन्मभूमि मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन किया था। उन्होंने कहा, क्या इससे बड़ी कोई त्रासदी हो सकती है? खुर्शीद ने कहा कि यह दान भगवान राम की संपत्ति है और लाखों भक्तों के भरोसे को तोड़ने वालों को सजा देकर मंदिर की पवित्रता बनाए रखना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि अगर उन्हें भगवान राम में जरा भी आस्था है, तब वह सबसे पहले इसतरह के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं करती।

### रक्षक ही भक्षक बने, राहुल गांधी पर साधा निशाना : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।** 21 जून को देशभर में 22 लाख से अधिक छात्रों द्वारा दी गई री-नीट परीक्षा के सफल आयोजन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और सुरक्षा पर महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने नीट पेपर लीक मामले पर कड़ा रुख दिखाकर कहा कि रक्षक ही भक्षक बने हैं, जिन्हें पेपर बनाना था, वे बदमाशों से जा मिले। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने स्पष्ट किया कि सरकार परीक्षा प्रणाली की कमियों को दूर करने और पेपर माफिया व गड़बड़ी करने वाले नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में जुटी है। उनका लक्ष्य केवल दोषियों को पकड़ना नहीं, बल्कि इस पूरे नेटवर्क को तोड़ना है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं फिर से न हो।

## लखनऊ अग्निकांड के बाद गौतमबुद्ध नगर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, सेक्टर-104 स्थित ओम कोचिंग सेंटर सील

**नोएडा, यूटर्न/ 23 जून ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में हुए दर्दनाक अग्निकांड के बाद अब प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच शुरू कर दी है। जांच अभियान के दौरान नोएडा के सेक्टर-104 में संचालित ओम कोचिंग सेंटर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।



प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जांच में पाया गया कि ओम कोचिंग सेंटर बिना आवश्यक अनुमतियों के संचालित किया जा रहा था। संस्थान के पास न तो वैध पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) था और न ही अग्नि सुरक्षा विभाग की अनिवार्य फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) उपलब्ध थी। ऐसे में विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए कोचिंग सेंटर को सील करने का निर्णय लिया। यह संयुक्त कार्रवाई जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस), सिटी मजिस्ट्रेट तथा अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा की गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की और सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर सरकार का फोकसः सुक्खू

**शिमला, यूटर्न/ 23 जून ।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से अनेक ठोस कदम उठाए गए हैं तथा प्राकृतिक खेती को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार देर शाम जनजातीय विकास और बागवानी विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि रसायन-मुक्त कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को अधिक लाभ पहुंचाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बागवानी विभाग को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा तथा विभाग में रिक्त पदों को भी भरा जाएगा। उन्होंने एचपी-शिवा परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों के अनुसार फलों की विभिन्न किस्मों का विविधीकरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बागवानी हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और बागवानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। जनजातीय विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने अधिकारियों को इनके क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मार्च 2023 से मार्च 2026 के बीच वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत 636 व्यक्तिगत और 20 सामुदायिक दावों को मंजूरी दी गई है। इन दावों के निपटारे के लिए 2259.24 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित की गई है।

# विकसित भारत 2047 में युवा सिविल सेवकों की अहम भूमिका : मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2024 बैच के 183 अधिकारी प्रशिक्षुओं से संवाद करते हुए उन्हें विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए राष्ट्र निर्माण में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ योगदान देने का आ'ान किया।

सेवा तीर्थ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि दो वर्षों के फील्ड अनुभव और प्रशासनिक प्रशिक्षण के बाद युवा अधिकारी ऐसे महत्वपूर्ण चरण में पहुंचे हैं, जहां उनके फैसले न केवल उनके करियर बल्कि करोड़ों नागरिकों के भविष्य को भी प्रभावित करेंगे।

उन्होंने कहा कि लोकसेवा की वास्तविक परीक्षा ईमानदारी, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ वास्तविक परिस्थितियों का सामना करने में है। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से नवाचार, उद्देश्यपूर्ण कार्यशैली और नागरिक-केंद्रित शासन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रशासनिक फाइलों को केवल कागजी प्रक्रिया न समझें, बल्कि यह याद रखें कि हर फाइल के पीछे लाखों लोगों की आकांक्षाएं, समस्याएं और जीवन जुड़े होते हैं। उन्होंने 'नागरिक देवो भव' का मंत्र देते हुए अधिकारियों से हर निर्णय



के केंद्र में नागरिकों को रखने और शासन को संवेदनशील, जवाबदेह तथा समावेशी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बड़े विकासात्मक लक्ष्यों को विभागीय सीमाओं में रहकर हासिल नहीं किया जा सकता। इसके लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है, जिससे स्थायी और प्रभावी परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में प्रत्येक नीति और प्रशासनिक निर्णय देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में योगदान देने वाला होना चाहिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, विनिर्माण क्षेत्र के विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा और युवाओं के लिए रोजगार एवं अवसर सृजन को वर्तमान समय की प्रमुख प्राथमिकताएं बताया।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में शासन व्यवस्था प्रक्रिया-आधारित मॉडल से परिणाम-आधारित मॉडल की ओर बढ़ी है। डिजिटल गवर्नेंस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और तकनीक की मदद से सेवा वितरण अधिक पारदर्शी और सुगम हुआ है।

डेटा आधारित प्रशासन पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आंकड़ों को केवल संख्या के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि उन्हें करोड़ों लोगों के जीवन, चुनौतियों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब मानना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से नियमित रूप से यह मूल्यांकन करने को कहा कि सरकारी नीतियां जमीनी स्तर पर अपेक्षित परिणाम दे रही हैं या नहीं।

## पंचायतों को नवाचार, डिजिटल शासन और जनविश्वास के केंद्र के रूप में उभरना चाहिए: मनोज सिन्हा

» **श्रीनगर, यूटर्न/ 23 जून ।**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पंचायतों को नवाचार, डिजिटल शासन और जनविश्वास के केंद्र के रूप में उभरना चाहिए। मनोज सिन्हा ने मंगलवार को शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में आयोजित ह्यसेवा से समृद्धिः पंचायत-आधारित सेवा वितरण पर क्षेत्रीय कार्यशालाह्ल को संबोधित किया। इस दौरान उपराज्यपाल ने देश भर से आए प्रतिनिधियों और पंचायत प्रतिनिधियों का स्वागत किया और जम्मू-कश्मीर में कार्यशाला के आयोजन के लिए केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय को धन्यवाद दिया।

मनोज सिन्हा ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को प्रशासनिक इकाइयों से आगे बढ़कर नवाचार, समान



अवसर, सतत विकास और जनविश्वास के केंद्र के रूप में विकसित होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जमीनी स्तर का शासन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारतह्ल के दृष्टिकोण को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा कि पंचायत-आधारित सुचारू सेवा वितरण शासन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और उन्होंने स्थानीय स्वशासन संस्थाओं को मजबूत करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## सीएम रेखा गुप्ता के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग में दवा खरीद अनियमितताओं की जांच तेज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) के माध्यम से दवाओं, सर्जिकल सामग्री एवं चिकित्सा उपकरणों की खरीद में सामने आई कथित वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए के तहत कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।

प्राप्त शिकायतों के आधार पर तत्कालीन महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. वत्सला अग्रवाल तथा उप नियंत्रक लेखा नीरज चोपड़ा की भूमिका की जांच की जा रही है।

इस मामले में अब तक केंद्रीय खरीद एजेंसी के तत्कालीन प्रभारी डॉ. विनोद कुमार रंगा और डॉ. वत्सला अग्रवाल को निलंबित किया जा चुका है। भ्रष्टाचार



निरोधक शाखा द्वारा डॉ. विनोद कुमार रंगा को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। खरीद प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं तथा सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने संबंधी आरोपों की जांच जारी है।

सीएम रेखा गुप्ता ने पूरे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं तथा मामले की नियमित समीक्षा एवं निगरानी के आदेश दिए हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नवजीवन विहार का 'जीरो वेस्ट कॉलोनी' मॉडल बनेगा पूरे दिल्ली के लिए मिसाल : एलजी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**



दिल्ली के उपराज्यपाल टी.एस. संधू ने मंगलवार को दक्षिण दिल्ली स्थित नवजीवन विहार का दौरा कर वहां के सफल 'जीरो वेस्ट कॉलोनी' मॉडल का निरीक्षण किया। उन्होंने इस सामुदायिक पहल को दिल्ली की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों में से एक बताते हुए इसकी सराहना की और इसे अन्य क्षेत्रों में भी लागू करने पर जोर दिया।

इस दौरान उपराज्यपाल टी.एस. संधू ने कॉलोनी के रिड्यूस-रीयूज-रीसायकल (आरआरआर) सेंटर, विकेंद्रीकृत एरोबिक कंपोस्टिंग यूनिट, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण व्यवस्था तथा वर्षा जल संचयन प्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि यह मॉडल दिखाता है कि सामूहिक नागरिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छ, हरित और टिकाऊ शहरी वातावरण तैयार किया जा सकता है।

उपराज्यपाल ने नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) को निर्देश दिए कि वह अन्य रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) को भी इस आत्मनिर्भर मॉडल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करे। उन्होंने विशेष रूप से अनधिकृत और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) की कॉलोनियों में ऐसे विकेंद्रीकृत कचरा प्रबंधन एवं कंपोस्टिंग प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की संभावनाएं तलाशने को कहा।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों में एरोबिन और आरआरआर सेंटर जैसी आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड का व्यवस्थित उपयोग किया जाए।

उपराज्यपाल टी.एस. संधू ने कहा कि टिकाऊ कचरा प्रबंधन केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, इसके लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी की भावना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'वेस्ट टू वेल्थ' की यात्रा घर से ही शुरू होती है और प्रत्येक परिवार को स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करना चाहिए।

उन्होंने नवजीवन विहार आरडब्ल्यूए और स्थानीय निवासियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समुदाय के सक्रिय नेतृत्व में यह मॉडल पिछले लगभग आठ वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस अवधि में कॉलोनी ने 10 लाख किलोग्राम से अधिक कचरे को दिल्ली के पहले से ही बोझिल लैंडफिल स्थलों तक पहुंचने से रोका है। उपराज्यपाल ने कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयासों को संस्थागत सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने सभी हितधारकों से संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के निर्वहन और विकसित, समावेशी तथा विश्वस्तरीय दिल्ली के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का आ'ान किया।

# बिल्डर के अपहरण का प्रयास करने वाले चार गिरफ्तार

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।**

वसुंधरा निवासी आयूसी कंस्ट्रक्शन के मालिक राजेश पांडेय का कार से खींचकर अपहरण करने का प्रयास करने वाले चार बदमाशों को लिंक रोड थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बिल्डर का अपहरण कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगने की योजना उसके पूर्व कर्मचारी के बेटे ने बनाई थी। बिल्डर को डराने धमकाने के लिए आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर हथियार सप्लाई करने वाले से संपर्क कर दो तमंचे खरीदे थे। चारों आरोपी बेरोजगार हैं और अपना-अपना व्यापार खोलने के लिए फिरौती वसूलने की योजना बनाई थी। डीसीपी सिटी व कार्यवाहक डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन धवल जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में सत्यम सिंह (22) निवासी ग्राम खिरखौआ थाना भगवानपुर जिला वैशाली बिहार हाल पता शुक्र बाजार टिगरी गोल चक्कर गौर सिटी मॉल के पास थाना बिसरख नोएडा, गौतम (25) निवासी ग्राम हरोला सेक्टर-05 नोएडा मूल निवासी ग्राम गंगारामपुर जनपद गाजौल



पं. बंगाल, नितिन तिवारी (26) निवासी प्रेम विहार खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद मूल निवासी ग्राम कुकराजो थाना मंधना कानपुर देहात और रोहित उर्फ हिटलर (29) निवासी ग्राम कानपुर खुर्द थाना बड़ौदा जनपद सोनीपत हरियाणा हाल निवासी न्यू अशोक नगर राजधानी मेडिकल के पास दिल्ली शामिल हैं। बताया कि आयूसी कंस्ट्रक्शन के मालिक राजेश पांडेय निवासी वसुंधरा ने 16 जून 2026 को अपहरण के प्रयास की शिकायत दर्ज कराई थी। राजेश पांडेय के मुताबिक झंडापुर से आगे इंदौर कंपनी के पास पांच नकाबपोश बदमाशों ने हथियार दिखाकर कार से खींचकर अपहरण का प्रयास किया।

# तारकोल का संकट बरकरार, नहीं शुरू हो सका निगम की सड़कों का निर्माण

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।** नगर निगम क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कराने के नगर आयुक्त के दावे का धरातल पर कोई असर नहीं दिख रहा है। उनके आदेश को महीनाभर होने के बाद भी 85 में से 10 सड़कों का निर्माण कार्य भी पूरा नहीं हो सका। अधिकांश सड़कों पर भी अभी तक काम ही शुरू नहीं हो पाया है। ठेकेदारों ने निगम अधिकारियों से मिलकर साफ कर दिया है कि डिमांड करने के बावजूद भी उनको कंपनियों से तारकोल नहीं मिल रहा है। बिना तारकोल के निर्माण कार्य को शुरू करना संभव नहीं है। करीब चार माह पहले निगम की 85 सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए टेंडर जारी किए गए थे। इसी बीच पश्चिमी एशिया में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। इसके बाद तारकोल की आवक प्रभावित हुई और इसके भाव में ढाई गुना तक इजाफा हो गया। घाटे का हवाला देकर ठेकेदारों ने काम शुरू नहीं किया। इसके बाद नगर आयुक्त ने शासन को पत्र लिखकर मांग की कि लोक निर्माण विभाग की तरह निगम के ठेकेदारों को भी तारकोल के बढ़े हुए भाव का भुगतान अलग से कराने की व्यवस्था की जाए। लेकिन इस पत्र का कोई असर नहीं हुआ। 23 मई को नगर आयुक्त ने ठेकेदारों के साथ बैठक की। इसके बाद नगर आयुक्त ने दावा किया कि 85 सड़कों का निर्माण कार्य तुरंत शुरू कराया जाएगा। निगम की निर्माण इकाई के अधिकारियों ने ठेकेदारों से तुरंत काम शुरू करने के आदेश दिए, लेकिन उन्होंने तारकोल उपलब्ध न होने का हवाला देकर काम शुरू नहीं किया। ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुष्यंत त्यागी ने बताया कि निगम को भी ठेकेदारों को अलग से तारकोल के बढ़े हुए भाव का भुगतान करना चाहिए।

# जंतर-मंतर पर डटे सीजेपी समर्थक, बैरिकेडिंग को लेकर पुलिस से विवाद; आज प्रदर्शन का चौथा दिन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन जंतर मंतर पर मंगलवार को चौथे दिन भी जारी है। प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इस दौरान सीजेपी ने आरोप लगाया कि सोमवार रात प्रदर्शन स्थल पर बैरिकेडिंग की गई। प्रदर्शन स्थल को छोटा करने और उसे दो हिस्सों में बांटने की कोशिश की गई।

प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी और गाने गाकर पुलिस की बैरीकेडिंग का विरोध जताया। वहीं पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को किसान संगठन अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करने वाले हैं। किसी भी प्रदर्शन



से पहले सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाते हैं।

सीजेपी ने एसएससी और यूपीएससी अभ्यर्थियों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने बताया कि छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए अधिक लोगों का साथ जरूरी है। उन्होंने कहा की बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आएं और अपनी बात सीजेपी के मंच पर रखें। उनके अनुसार, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देंगे, प्रदर्शनकारी जंतर मंतर से नहीं हटेंगे। वहीं, धरने के तीसरे दिन प्रदर्शन स्थल पर आने वाले लोगों की पहचान संबंधी जांच को लेकर सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके और पुलिस के बीच विवाद की स्थिति देखने को मिली। दीपके ने आरोप लगाया कि धरना स्थल पर आने वाले लोगों से आधार कार्ड और पैन कार्ड मांगे जा रहे हैं, जबकि वे केवल प्रदर्शन में शामिल होने, भोजन या पानी पहुंचाने जैसे कार्यों के लिए वहां पहुंच रहे हैं। दीपके ने कहा कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मामला है और लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि प्रदर्शनकारियों की निजी जानकारी क्यों एकत्र की जा रही है।

# एमडी उदित के नेतृत्व में नारायणा में 375 यूनिट रक्तदान में सफल रही डा. एम पी मिश्रा और डा. रोहिणी श्रीवास्तव की टीम

» **सुनील बाजपेई**

कानपुर, यूटर्न/ 23 जून । यह महानगर किसी दुर्घटना या बीमारी का शिकार होने पर असमय मृत्यु के खिलाफ जीवन के पक्ष में विश्व के सबसे बड़े दान रक्तदान के आयोजन में भी अव्वल चल रहा है। इसके प्रमुख श्रेय धारकों में अनगिनत अन्य के साथ सर्वोत्तम और सस्ती चिकित्सा के रूप में भी समाज सेवा में अग्रणी नारायणा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भी शामिल है।

अपने दो दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के तहत 375 यूनिट रक्तदान करने कराने वाले नारायणा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का उद्देश्य आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करना है।




इसके लिए मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर एस एस) के प्रचारक भवानी तिवारी की मौजूदगी में रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा के क्षेत्र में हर दृष्टिकोण से जनहित में अव्वल नारायणा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक (एम डी) उदित नारायणा तथा पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एम. पी. मिश्रा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्तदान से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है तथा रक्तदान करने से रक्तदाता के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं पड़ता, बल्कि यह एक सुरक्षित एवं मानवीय सेवा है। इस मौके पर नारायणा ब्लड सेंटर की प्रभारी डॉ. रोहिणी श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी इच्छुक नागरिकों से रक्तदान के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की भी अपील की।

रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान के लिए इस अवसर पर डॉ. दीक्षा, डॉ. देवेश एवं डॉ. अभिलाष सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे।

# श्री शिव महापुराण की कथा के उपलक्ष मे श्याम कॉलोनी मे निकाली गई शोभायात्रा

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र श्री स्थाणु सेवा मण्डल कुरुक्षेत्र के द्वारा श्री महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे 8 दिवशीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 22 जून से 29 जून का आयोजन किया जायेगा ! इस उपलक्ष मे आज कलस यात्रा का आयोजन किया गया ! इस यात्रा मे स्थानेश्वर महादेव मंदिर महिला मंडल की 21 महिलाओ ने कलस उठा कर श्याम कॉलोनी से महंत प्रभात पुरी स्कूल तक यात्रा निकाली ! श्री महंत बंशपुरी महाराज जी ने कलस यात्रा को हरि झंडी दिखाई !

यात्रा के बाद श्री महंत बंशी महाराज ने विधिवत रूप से पूजन किया ! श्री महंत जी ने शिव बाबा की महिमा बताते हुऐ कहा शिव के बिना गांव अधूरा शिव के बिना मनुष्य अधूरा शिव कल्याणकारी प्रभु है जल्दी प्रशन्न होने वाले है



व्यास पीठ पर पंडित राजेंदर पराशर ने भगवन श्री शिवमहापुराण की कथा शुरू कर कहा कि त्याग, तपस्या और प्रेम के मार्ग पर चलता हुआ मनुष्य अपने चारों पुरुषार्थ प्राप्त कर लेता है मगर परमात्मा को प्राप्त करने की उत्कंठा जब तक हृदय की गहराइयों से न उठे तब तक मनुष्य भगवान के दर्शन नहीं कर पाता। उन्होंने कहा संतो के मार्गदर्शन से ही मानव कथा-सत्संग के साथ जुड़कर अपने जीवन का कल्याण कर सकता है उन्होंने अपने प्रवचन में कहा संत चाहे किसी भी कुल जाति अथवा वंश में पैदा हुआ हो यदि उसकी जीवन भूमि में सद्गुणों का हरा-भरा बाग लहरा रहा हो तो वह संत साक्षात कल्पवृक्ष प्रदान कर सकता है संत ऐसा कल्पवृक्ष है जो आदि, व्याधि और उपाधि को नष्ट कर समाधि प्रदान करके आध्यात्मिक क्रांति करता है मेघ की भांति अपनी शत-शत शक्ति धाराओं से सबको अवलंबित करता रहता है इस अवसर पर महंत लक्ष्मीनारायण पुरी, महंत रंगनाथ पुरी, महंत महेश पुरी, महंत आशुतोष पुरी, सतीश शर्मा, सुनील सचदेवा, रमेश सचदेवा, अनिल पोपली, प्रेम मदान, प्रवीण गुप्ता, दिवान अरोड़ा, योगेश गोड़, सुरेंदर हमबीरिया, दिनेश गाबा उपस्थित रहे

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# रोजगार और औद्योगिक विकास की धुरी बनेगा पावरलूम सेक्टर, प्रशासन करेगा हरसंभव सहयोग: उपायुक्त

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 23 जून । पावरलूम सेक्टर को सशक्त बनाने एवं उसकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य को लेकर मंगलवार को उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ जिला सचिवालय स्थित सभागार में उद्योगपतियों की बैठक ली। बैठक में जिले में संचालित पावरलूम इकाइयों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा उनके समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से आधारभूत ढांचे, बिजली आपूर्ति, ऋण उपलब्धता, कौशल विकास, तकनीकी उन्नयन और बाजार से जुड़ी समस्याओं को चिन्हित करते हुए इनके समाधान के लिए आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श किया गया।



उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि पानीपत देश के प्रमुख पावरलूम एवं टेक्सटाइल क्लस्टरों में से एक है और यह क्षेत्र रोजगार सृजन तथा औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पावरलूम उद्योग को मजबूत करना समय की आवश्यकता है, ताकि स्थानीय उद्योग अधिक प्रतिस्पर्धी बन सके और वैश्विक बाजार में अपनी पहचान को और सुदृढ़ कर सके। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे पावरलूम इकाइयों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें तथा उद्योग से जुड़े हितधारकों, वित्तीय संस्थानों एवं विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें। उपायुक्त ने कहा कि आधुनिक तकनीक को अपनाने, श्रमिकों के कौशल विकास और बाजार विस्तार के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उद्योग इकाइयों तक पहुंचाया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पावरलूम इकाइयों को ऋण उपलब्ध कराने से संबंधित मामलों को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठकों में प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि उद्योग को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। बैठक के दौरान उद्योग संचालकों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सुझावों और समस्याओं पर भी विचार किया गया तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि पावरलूम उद्योग पानीपत की औद्योगिक पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। इस क्षेत्र के विकास, आधुनिकीकरण और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। सरकार की योजनाओं और विभागीय समन्वय के माध्यम से उद्योगों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि उत्पादन, रोजगार और निर्यात के अवसरों में वृद्धि हो सके तथा जिले का औद्योगिक विकास और अधिक मजबूत बने।

# सूरजकुंड पार्किंग के पास बने खत्ते को हटाने की मांग

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 जून** । नगर निगम मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई शिविर में चार्मवुड सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने सूरजकुंड पार्किंग के समीप बनाए गए खत्ते को हटाने की मांग रखी। वहीं वार्ड-5 से सीवर सफाई और वार्ड-9 से ब्रह्मपुरी पार्क के रखरखाव संबंधी शिकायतें भी प्रमुखता से उठीं। महापौर प्रवीण बत्रा जोशी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई कर अगली जनसुनवाई में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। वार्ड-5 की शिकायत पर अधिकारियों को सीवर लाइनों की प्रभावी और नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वार्ड-9 से ब्रह्मपुरी पार्क के रखरखाव और सुधार की मांग सामने आई।

इसके अलावा प्रॉपर्टी आईडी, सब-डिवीजन, पेयजल आपूर्ति और नई सड़कों के निर्माण से जुड़ी कई शिकायतें भी नागरिकों ने दर्ज कराईं। महापौर ने कहा कि नगर निगम हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने और पानी माफियाओं की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि शिविर में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से कई का समाधान मौके पर ही किया गया। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि अब प्रत्येक माह एक सोमवार को सभी विभागों के अधिकारी अपनी कार्य प्रगति रिपोर्ट के साथ जनसुनवाई शिविर में उपस्थित रहेंगे, ताकि शिकायतों के समाधान की नियमित समीक्षा हो सके।

# पंजाबी समाज की एकता, संस्कृति एवं संघर्ष का प्रतीक बनेगा पंचनद स्मारक : राजेश सलूजा




» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 23 जून । वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी राजेश सलूजा ने कहा कि वर्ष 1947 का विभाजन केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के दर्द, संघर्ष, बलिदान और पुनर्निर्माण की अमर गाथा है। अपने घर, जमीन-जायदाद, कारोबार और अपनों को छोड़कर आए लोगों ने कठिन परिस्थितियों में भी साहस नहीं खोया और अपने परिश्रम से समाज में नई पहचान बनाई।

उन्होंने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में प्रस्तावित पंजाबी धाम-पंचनद स्मारक केवल ईंट-पत्थरों का भवन नहीं होगा, बल्कि विभाजन के दौरान हुए बलिदानों, विस्थापित परिवारों की पीड़ा, पंजाबी संस्कृति, इतिहास, संघर्ष और गौरव का जीवंत प्रतीक बनेगा। यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को अपने पूर्वजों के त्याग और संघर्ष से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम होगा।

राजेश सलूजा ने कहा कि समय के साथ अनेक परिस्थितियां बदलती रही हैं, लेकिन हमें अतीत की कटुता को पीछे छोड़कर समाज की एकता और भाईचारे को मजबूत करने की आवश्यकता है। विभाजन की त्रासदी को झेलने वाले लोगों के योगदान को सम्मान देना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सहयोग देने का आह्वान करते हुए कहा कि वरिष्ठजन अपना अनुभव, युवा अपनी ऊर्जा और प्रत्येक पंजाबी परिवार अपना योगदान देकर इस ऐतिहासिक कार्य को सफल बनाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पंजाबी समाज सदैव एकजुट रहा है और भविष्य में भी अपनी संस्कृति, विरासत और मूल्यों को संजोए रखेगा।

राजेश सलूजा ने हरियाणा सरकार से मांग की कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में विश्वस्तरीय पंजाबी धाम-पंचनद स्मारक के निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र गति दी जाए, ताकि 1947 के विभाजन के शहीदों एवं विस्थापित परिवारों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके। उन्होंने कहा कि यह स्मारक केवल एक भवन नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति, संघर्ष और बलिदान की अमिट यादों को संजोने वाला प्रेरणा केंद्र सिद्ध होगा।

# ओपस बिडला प्लांट एचएसआईडीसी में 23 कर्मचारियों को व्यवसायिक प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया



» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 23 जून । जिला उपायुक्त एवं रेड क्रॉस के प्रधान डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ व सचिव गौरव राम करण के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द के कुशल नेतृत्व में जिला रैडक्रॉस सोसाइटी पानीपत द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को व्यवसायिक प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी,पानीपत की ओर से अभी फिलहाल में मोल्ड टेक पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नंबर 29 एचएसआईआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र रिफाइनरी रोड ओपस बिड़ला पेंट्स के पास पानीपत में प्रवक्कता प्रदीप द्वारा इनके लगभग 23 कर्मचारियों को व्यवसायिक प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के दौरान ये कर्मचारी आपातकालीन घटना उपरांत घायल एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कैसे जल्दी हस्पताल कैसे पहुंचा सकते है, मौके पर किसी भी चोटिल व्यक्ति के शरीर से बहने वाले खून को कैसे रोक सकते है, के साथ सबसे जरूरी ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसकी सांसे रुक गयी हो या बंद हो गयी हो को सी.पी.आर देकर उसकी सांसे कैसे दोबारा शुरू कर उसकी जान बचा सकते सीख रहे है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कर्मचारियों ने जिला रैडक्रॉस सोसाइटी पानीपत की सराहना की और प्रवक्ता प्रदीप का इस महत्वपूर्ण ट्रेनिंग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया।

# क्या चानौत का पानी अब प्यास से ज्यादा राजनीति का विषय बनता जा रहा है?

**हरियाणा, यूटर्न/ 23 जून** । हरियाणा ने समय-समय पर कई बड़े आंदोलन देखे हैं। जाट आरक्षण आंदोलन हो या किसान आंदोलन, इन आंदोलनों ने प्रदेश की राजनीति, सामाजिक ताने-बाने और विकास की रफ्तार पर गहरा प्रभाव छोड़ा। लेकिन हांसी क्षेत्र के गांव चानौत में पेयजल को लेकर चल रहा आंदोलन अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंचता दिखाई दे रहा है, जहां सवाल केवल पानी का नहीं, बल्कि समाधान और राजनीति के बीच खिंचती एक अदृश्य रेखा का भी है। पिछले कई सप्ताह से गांव चानौत के ग्रामीण स्थायी और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। हाल ही में कुछ बुजुर्गों द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू किए जाने के बाद पूरे मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है।

स्वाभाविक रूप से गांव के लोगों की चिंता जायज है। पानी केवल एक सुविधा नहीं बल्कि जीवन की सबसे बुनियादी आवश्यकता है। जब किसी घर के नल में पर्याप्त पानी न पहुंचे तो परेशानी केवल सुविधा की नहीं बल्कि सम्मान और जीवन स्तर की भी होती है। यही कारण है कि राज्य सरकार और प्रशासन इस मुद्दे को केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन से जुड़े संवेदनशील विषय के रूप में देख रहे हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार चानौत गांव की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए जहाँ से ग्रामीण चाहते है, वहां से अलग से पाइपलाइन से पानी देने के लिए सरकार तैयार है ! अभी भी गाँव मे बरवाला माइनर से ही पानी की सुविधा दी जा रही है !.... अधिकारियों का कहना है कि यह कोई अस्थायी व्यवस्था नहीं बल्कि आने वाले दशकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया स्थायी समाधान है।

## ऑनलाइन-आफलाइन नहीं मिल रहे स्टांप, अटक रहे लोगों के काम

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 जून** । ई-स्टांप व्यवस्था के विरोध में बैनामा लेखक और वकील हड़ताल पर हैं। ऐसे में तहसील और कचहरी में लोगों को ऑनलाइन व ऑफलाइन स्टांप आसानी से उपलब्ध न होने की वजह से उनके काम अटक रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत जन्म मृत्यु और संपत्ति स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वालों के सामने है। खास बात यह है कि तहसील, कचहरी के बाहर जो लोग स्टांप बेच रहे हैं, उनकी संख्या काफी कम है और वह इसके लिए तीन-चार गुना तक रकम वसूल रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया से आये डॉ. सुभाष गौड ने अपनी कुलदेवी महाभारतकालीन माता बाला सुंदरी मन्दिर हथीरा में मनाई 53वीं वैवाहिक वर्षगांठ

**इसी स्थान पर महाभारत युद्ध से पूर्व पांडवों ने विजय कामना के लिए की थी पूजा।मन्दिर में हवन पूजा के साथ विशाल भंडारा आयोजित।**

» प्रमोद कौशिक/संजीव कुमारी





कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 23 जून । आज महाभारतकालीन सिद्ध पीठ माता बाला सुंदरी मन्दिर गांव हथीरा में मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया से आये प्रसिद्ध अधिवक्ता डॉ. सुभाष गौड (भारतीय जनता पार्टी विधि विभाग के जिला प्रमुख) धर्मपत्नी सरोज गौड ने अपनी पावन 53 वीं वैवाहिक वर्षगांठ प्रातः मन्दिर के मुख्य पुजारी सत्यवान एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पण्डित आज्ञा राम गौड द्वारा पूजा पाठ हवन करवाया गया।

जिसमें परिवार के सदस्यों के इलावा ऑस्ट्रेलिया से पुत्र एवं पुत्रवधू दिवाकर गौड, अभिषेक गौड, आदित्य गौड, अर्चना, इंदु , प्रिंयका, सार्थक,रुद्रांश, विराट, समृद्धि ने ऑनलाइन आहुतियाँ डाली।

गौरतलब है कि डॉ. सुभाष गौड का जन्म भी इसी स्थान गांव हथीरा में हुआ था जो अब 75 वर्ष के हो चुके है। डॉ. गौड ने बताया कि महाभारत युद्ध से पूर्व पांडवों ने विजय कामना के लिए इसी सिद्ध पीठ में पूजा अर्चना की थी और उनकी कुलदेवी भी है। इस अवसर पर षडदर्शन साधुसमाज के संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, अनूपा कौशिक, अश्वनी भारद्वाज, सरिता भारद्वाज, डॉ. ए. सी. नागपाल, ओ. पी. गुलियानी, गुरदयाल मालिक, पी. सी गुप्ता, सी. पी गुप्ता, विपिन शर्मा, के, सी वर्मा, नन्द लाल गर्ग, रोशन लाल मित्तल, वी. के. सिंगला, रविंदर अग्रवाल, वि. के. वत्स, नवीन गौड, शिवानी गौड इत्यादि ने भंडारे में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाया।

## नशे में दौड़ाई कार स्कूटी सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**कौशांबी, यूटर्न/ 23 जून** । थानाक्षेत्र स्थित वैशाली रेड लाइट पर 21 जून की रात तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार वैशाली सेक्टर चार निवासी पीयूष अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कार रोककर सवार तीन लोगों को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया। तीनों शराब के नशे में धुत होकर गाड़ी चला रहे थे। पुलिस ने घायल के पिता प्रवीण की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं, आरोपी दिल्ली के दिलशाद गार्डन निवासी समीर, इलविश और वैशाली निवासी यश श्रीवास्तव को नोटिस जारी किए हैं। दर्ज मामले में प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि वह मधुमेह से पीड़ित हैं और रविवार रात दवा खत्म हो गई। उन्होंने बेटे पीयूष को मेडिकल स्टोर पर भेजा था। देर रात करीब 12:30 बजे डाबर तिराहे के पास वैशाली रेड लाइट पर तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में पीयूष गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और पीयूष के पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। राहगीरों ने ही बेटे के मोबाइल से उन्हें भी हादसे की सूचना दी।

## अभियान के दौरान 10 किग्रा प्लास्टिक जब्त, लगाया जुमार्ना

**खोड़ा, यूटर्न/ 23 जून** । नगरपालिका परिषद में प्लास्टिक उन्मूलन महा-अभियान आरंभ 8.0 के तहत सिंगल-यूज प्लास्टिक के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड चार में दस किग्रा प्लास्टिक जब्त करके 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया गया। नगरपालिका कर निरीक्षक दीक्षा चौहान ने बताया कि प्रशासन के निर्देश पर क्षेत्र में प्लास्टिक उन्मूलन जागरूक अभियान चलाया गया है। इसमें वार्ड चार में दस किग्रा प्लास्टिक जब्त करके दो दुकानदारों पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। उन्होंने बताया कि अभियान दो दिन पहले ही शुरू होना था, लेकिन जनगणना में ड्यूटी होने और रविवार की वजह से सोमवार से अभियान की शुरूआत की गई है।

# गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के मोड़ पर हादसा, पिता और बेटियां 30 फीट नीचे गिरे, एक की हालत नाजुक

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता और उनकी दो नाबालिग बेटियां करीब 30 फीट ऊंचाई से नीचे गिर गईं। हादसे में 11 वर्षीय मानसी गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसके पिता आशीष (35) और बड़ी बहन रूबी (12) को भी चोटें आई हैं। मानसी की हालत नाजुक बनी हुई है और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत तीनों को नजदीकी चाचा नेहरू अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक मानसी के सिर में गंभीर चोट के साथ ही उसके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। शाहदरा पुलिस उपायुक्त आरपी मीणा ने बताया कि सोमवार दोपहर 1.46 बजे गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर दुर्घटना की सूचना मिली थी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले घायलों को अस्पताल भेजा जा चुका था। जांच में पता चला कि आशीष अपने परिवार के साथ सोनिया विहार के पांचवें पुश्ते पर रहता है। सोमवार को वह अपनी दोनों बेटियों को बाइक पर बैठाकर दरियागंज जा रहा था। गांधी नगर होते हुए राजघाट की ओर जाने के लिए वह गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के लूप पर चढ़ा था। इसी दौरान तीव्र मोड़ पर हादसा हो गया।




## लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज

पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आशीष के बयान के बाद हादसे की परिस्थितियां और स्पष्ट हो सकेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हादसे में युवती के कूल्हे की हड्डी टूटी, हालत गंभीर

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो निवासी वंदना अरोड़ा की स्कूटी में अज्ञात वाहन ने वजीराबाद मार्ग पर टक्कर मार दी। हादसे में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और परिवार वाले अस्पताल पहुंचे। हादसा 16 जून की शाम का है। पुलिस ने युवती के भाई सचिन कुमार की तहरीर पर 21 जून की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में सचिन कुमार ने बताया कि उनकी बहन वंदना स्कूटी लेकर मंगलवार शाम 6:30 बजे घर से निकली थी। करीब 400 मीटर दूर वजीराबाद मार्ग पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने की वजह से बहन के सिर और कूल्हे में गंभीर चोट आई।

### खिलौना फैक्टरी में धधकी आग

**लोनी, यूटर्न/ 23 जून ।** ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित खिलौना फैक्टरी में रविवार देर रात अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की टीमों ने तीन वाटर टेंडर की मदद से 20 मिनट में आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि इस दौरान आसपास की फैक्टरियों में भी अफरा-तफरी मच गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि ट्रोनिका सिटी के सेक्टर ए-7 में मोहम्मद अशरफ की खिलौना फैक्टरी है। रविवार देर रात फैक्टरी में आग लगने की सूचना तो टीम भेजी गई। तीन मंजिला फैक्टरी के भूतल पर आग लगी थी। दमकल टीम पहुंची तो फैक्टरी के अंदर कोई नहीं था और लोग आग बुझाने में जुटे थे।

### स्लॉटर हाउसों पर जीएसटी का शिकंजा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।** स्लॉटर हाउसों पर जीएसटी विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सोमवार को जिले में संचालित स्लॉटर हाउसों के रिटर्न की जांच डेटा विश्लेषण पोर्टल पर की गई। अधिकारियों का कहना है कि जांच में कुछ कमियां पाई गई हैं। इनकी सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी के अपर आयुक्त ग्रेड वन जोन प्रथम रामकेश्वर ने बताया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी विभाग को अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे स्लॉटर हाउसों में चल रहे कारोबार के दस्तावेजों और आय-व्यय की जांच के निर्देश दिए थे।

# असोला भट्टी से बदलेगी दिल्ली की हवा, 10 लाख पेड़ों से मजबूत होगा हरित कवच, पर्यावरण मंत्री ने लगाया पौधा



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

दिल्ली की हवा को बेहतर बनाने और अरावली क्षेत्र के प्राकृतिक स्वरूप को पुनर्जीवित करने के लिए असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य में बड़े स्तर पर ईको-रिस्टोरेशन अभियान शुरू किया गया है। दक्षिणी रिज क्षेत्र में 10 लाख से अधिक देसी प्रजातियों के पेड़ तैयार किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य राजधानी के हरित क्षेत्र को मजबूत करना, जैव विविधता बढ़ाना और पर्यावरणीय संतुलन को बेहतर बनाना है। वन एवं वन्यजीव विभाग ने बताया कि अभयारण्य के उन हिस्सों को वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जा रहा है, जो पहले खनन और अन्य मानवीय गतिविधियों से प्रभावित रहे हैं। इसके तहत स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल पौधों का चयन, नियमित निगरानी और दीर्घकालिक संरक्षण की व्यवस्था की गई है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि असोला भट्टी केवल वन क्षेत्र नहीं, बल्कि दिल्ली की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। सरकार का लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि ऐसे आत्मनिर्भर जंगल विकसित करना है जो टिके रहें और वन्यजीवों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराएं।

**वन्यजीवों के लिए बनाए गए पानी के 218 कृत्रिम स्रोत :** अभयारण्य में वन्यजीवों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 218 वाटर होल (पानी के कृत्रिम स्रोत) विकसित किए गए हैं। इन्हें वन्यजीवों के आवाजाही वाले मार्गों के आसपास बनाया गया है, जहां नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पानी की कमी वन्यजीवों के लिए चुनौती होती है। यह व्यवस्था कई प्रजातियों के संरक्षण में भूमिका निभाएगी।

**तेंदुए समेत कई प्रजातियों का है बसेरा:** कैमरा ट्रैप और मैदानी निगरानी के दौरान अभयारण्य में तेंदुआ, धारीदार लकड़बग्घा, चीतल, नीलगाय, साही, विभिन्न सरीसृप और अनेक पक्षी प्रजातियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। वन विभाग की ओर से पक्षी अवलोकन मार्ग विकसित करने, प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और व्यापक पौधरोपण का काम भी जारी है।

# महरौली में 11 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या, कैब ड्राइवर गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

दिल्ली में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। एक कैब ड्राइवर ने 11 साल की बच्ची से रेप करने के बाद उसकी हत्या कर शव फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह तकरीबन 5 बजे के करीब बच्ची अपने परिवार के साथ फुटपाथ पर सो रही थी, तभी कैब ड्राइवर ने उठा ले गया। सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस ने तुरंत बच्ची को खोजने के लिए कई खास टीमें बनाईं और कैब ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि उसने रेप के बाद हत्या कर बच्ची की लाश फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड के किनारे फेंक दी थी। पुलिस ने लाश बरामद कर लिया है और ड्राइवर पर अपहरण, रेप और हत्या का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि राजधानी में एक अलग घटना में 36 साल की एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने एक व्यक्ति पर वीडियो शूट करने के बहाने रेप करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत के आधार पर 10 जून को बुराड़ी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई और एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि मामले की जांच चल रही है। शिकायत के अनुसार, बुराड़ी की रहने वाली पीड़िता 2022 में एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए आरोपी के संपर्क में आई थी। उसने आरोप लगाया कि सितंबर 2022 में उस व्यक्ति ने उसे सोशल मीडिया रील्स बनाने के बहाने एक स्थानीय होटल में बुलाया, जहां उसने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया।



महिला ने आगे आरोप लगाया कि बाद में आरोपी ने उसे ब्लैकमेल किया और कई बार उसके साथ मारपीट की। जब उसे पता चला कि उस व्यक्ति का असली नाम उसकी बताई गई पहचान से अलग है, तो उसने उससे दूरी बना ली। इसके बाद उसने दावा किया कि उसे आरोपी के जीजा और एक अन्य रिश्तेदार से धमकियां मिलीं।

वहीं, हाल ही में बिहार के बेगूसराय जिले में पांच युवकों ने कथित तौर पर एक 28 वर्षीय विवाहित महिला के साथ गैंगरेप किया। आरोपियों ने पीड़िता के साथ बेहद बर्बरता की और उसके प्राइवेट पार्ट्स में एक जिंदा कारतूस, एक पत्थर और लकड़ी का टुकड़ा डाल दिया। हालांकि यह घटना 11 जून की रात को हुई थी, लेकिन गुरुवार को हुई जांच में इसकी मेडिकल पुष्टि हुई। पीड़िता का अभी सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोर्ट में दिए अपने बयान में उसने बताया कि जब वह शौच के लिए बाहर निकली थी, तो पांचों लोगों ने उसे बंधक बना लिया, उसे खींचकर एक सुनसान जगह पर ले गए, रस्सियों से बांधा और उसके साथ मारपीट की।

# दिल्ली के तकिया काले खान के पास भीषण आग से 30 झुग्गियां जलकर खाक

» **दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के ठीक पीछे वाल्मीकि बस्ती में भीषण आग लग गई। यह घटना तकिया काले खां इलाके की कुछ झुग्गियों में हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कुल 24 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया है। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं मिली है। दिल्ली दमकल विभाग के डीओ मुकेश वर्मा ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रात करीब 11:22 बजे दमकल कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही शुरुआती तौर पर सात से आठ दमकल गाड़ियां तुरंत भेजी गईं। आग का फैलाव तेजी से होने लगा, जिसके बाद गाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई। कुल 24 दमकल गाड़ियां आग बुझाने के कार्य में लगाई गईं।

दमकल विभाग ने आग पर नियंत्रण पाने के लिए युद्धस्तर पर काम किया। 24 दमकल गाड़ियों की मदद से आग



बुझाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आग लगने के बाद पूरे वाल्मीकि बस्ती और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया था। हालांकि, दमकल कर्मियों की त्वरित और मुस्तैद कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। बचाव दल ने सुनिश्चित किया कि आग अन्य झुग्गियों तक न फैले।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, इस भीषण आग की घटना में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। किसी के घायल होने या जानमाल के नुकसान की भी कोई सूचना नहीं मिली है।

दमकल विभाग ने पुष्टि की है कि सभी लोग सुरक्षित हैं। यह एक राहत भरी खबर है कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई।

# सुई-धागे के हुनर को मिलेगी नई उड़ान: पंजीकृत कारीगरों को मिलेगा प्रशिक्षण, दिल्ली खादी कौशल विकास योजना शुरू

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

राजधानी के असंगठित कारीगरों को अपना हुनर निखारने और कमाई बढ़ाने का मौका मिलेगा। दिल्ली सरकार ने ऐसे कामगारों के लिए दिल्ली खादी कौशल विकास योजना शुरू कर दी है। इस योजना का प्राथमिक लक्ष्य ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत 18,000 से अधिक दर्जी वर्ग के कारीगरों के हुनर को नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) के मानकों के साथ जोड़कर मुख्यधारा में लाना है। इसके लिए बोर्ड ने एजेंसी नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। योजना के तहत कुल 4810 उम्मीदवार प्रशिक्षित होंगे। इसमें सबसे अधिक ध्यान टेलर ट्रेड पर है, जिसके लिए 3600 सीटें हैं। बोर्ड का मानना है कि ई-श्रम पोर्टल पर दिल्ली के करीब 18,632 दर्जी पहले से रजिस्टर्ड हैं, जिन्हें उन्नत प्रशिक्षण देकर उनकी उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

टेलरिंग के अलावा बेकरी, परफ्यूम मेकिंग, मोमबत्ती बनाना, हेयर स्टाइलिस्ट, मेकअप आर्टिस्ट और




कुम्हारी (पॉटरी) जैसे नौ विभिन्न क्षेत्रों में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान वजीफा और मुफ्त भोजन की सुविधा : यह ट्रेनिंग पूरी तरह मुफ्त होगी और प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। टेलरिंग के लिए 12 दिनों की ट्रेनिंग और अन्य कोर्सेज के लिए सात से 8.5 दिनों की ट्रेनिंग के दौरान 400 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से वजीफा सीधे बैंक खाते में भेजा जाएगा। इसके अलावा, ट्रेनिंग सेंटर पर ही सभी प्रतिभागियों को दोपहर का भोजन भी मुफ्त दिया जाएगा। योजना का लाभ केवल उन लोगों को मिलेगा जो पिछले 5 वर्षों से दिल्ली के निवासी हैं। इसमें एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), महिलाओं और दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) को विशेष प्राथमिकता और लाभ मिलेंगे। लाभार्थियों का चयन ई-श्रम पोर्टल, कॉमन सर्विस सेंटर और बोर्ड की वेबसाइट के जरिए होगा।

मुफ्त सिलाई मशीन और ओएनडीसी के जरिए ऑनलाइन बाजार : केवल ट्रेनिंग ही नहीं, बल्कि कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए टेलर ट्रेड के लाभार्थियों को मुफ्त टूलकिट (सिलाई मशीन) भी दी जाएगी। उनके उत्पादों को आधुनिक बाजार से जोड़ने के लिए ई-कैटलॉग बनाया जाएगा और उन्हें केंद्र सरकार के ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) प्लेटफॉर्म पर लिस्ट किया जाएगा, ताकि वे देश भर में अपने उत्पाद बेच सकें।

## प्रमाणन मिलेगा, आसान होगी भविष्य की राह

प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रत्येक कारीगर का मूल्यांकन नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी) द्वारा अनुमोदित एजेंसियों द्वारा किया जाएगा।

सफल होने वाले कारीगरों को मुख्यमंत्री प्रमाण पत्र और एक आधिकारिक आईडी कार्ड दिया जाएगा, जो भविष्य में उन्हें ऋण लेने और स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेगा। योजना के कार्यान्वयन के लिए 4 करोड़ रुपये का बजट अनुमानित है।

# एयर इंडिया में प्रदीप सिंह खरोला की वापसी

## पूर्व सीएमडी को चेयरमैन का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।





एयर इंडिया के पूर्व चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) प्रदीप सिंह खरोला की एक बार फिर एयरलाइन में वापसी हुई है। एयरलाइन सूत्रों के अनुसार, उन्हें चेयरमैन का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। कंपनी के शीर्ष प्रबंधन में संभावित बदलावों के बीच इस नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदीप सिंह खरोला वर्ष 2017 से 2019 तक एयर इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर रहे थे। उनके कार्यकाल के दौरान एयरलाइन कई परिचालन और वित्तीय चुनौतियों से गुजर रही थी। बाद में उन्हें नागरिक उड्डयन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई, जहां उन्होंने विमानन क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों में भूमिका निभाई। एयर इंडिया के निजीकरण की प्रक्रिया में भी खरोला की अहम भूमिका रही थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय में रहते हुए उन्होंने एयरलाइन के विनिवेश और पुनर्गठन से जुड़े कई प्रशासनिक एवं नीतिगत कार्यों का नेतृत्व किया था।

कंपनी में उनकी वापसी ऐसे समय हुई है, जब एयर इंडिया के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव की चर्चा तेज है। एयर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने पहले ही आने वाले महीनों में पद छोड़ने की घोषणा कर दी है।

# नीट पेपर के चलते अस्थाई रोक के बाद टेलीग्राम की प्ले स्टोर पर फिर हुई वापसी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।






मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम मंगलवार को फिर से गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध हो गया है। नीट यूजी 2026 के दोबारा होने के चलते सरकार ने इस मैसेजिंग ऐप पर करीब एक हफ्ते के लिए एक अस्थाई रोक लगा दी थी।

सरकार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अनुरोध पर 16 से 22 जून तक टेलीग्राम को अस्थायी रूप से ब्लॉक करने का आदेश दिया था। सरकारी एजेंसी का आरोप था कि संगठित नकल गिरोह इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल 21 जून को आयोजित नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को गुमराह करने और उनके साथ धोखाधड़ी करने के लिए कर रहे थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलहाल ऐप प्ले स्टोर पर आ गया है, लेकिन इस प्लेटफॉर्म के एडिट मैसेज फीचर पर रोक 30 जून तक जारी रहेगी। हालांकि, ऐप अभी एप्पल प्ले स्टोर पर नहीं आया है।

पिछले हफ्ते, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नीट की दोबारा परीक्षा से पहले एहतियात के तौर पर भारत में टेलीग्राम को 22 जून तक ब्लॉक कर दिया था।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को कहा, 'ये कदम उन चीटिंग रैकेट्स द्वारा प्लेटफॉर्म के संगठित इस्तेमाल के जवाब में उठाए गए हैं, जो 21 जून 2026 को होने वाली नीट यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को धोखा देने की कोशिश कर रहे थे।' शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने नीट यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा से पहले पूरे भारत में टेलीग्राम की सेवाओं को कुछ समय के लिए रोकने के केंद्र सरकार के फैसले को सही ठहराया।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के ब्लॉकिंग ऑर्डर को चुनौती देने वाली टेलीग्राम एफजेड एलएलसी की याचिका को खारिज करते हुए, जस्टिस तेजस करिया की सिंगल-जज बेंच ने कहा कि देशव्यापी मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम से जुड़े हालात को देखते हुए मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को 22 जून तक रोकना और उसके मैसेज-एडिटिंग फीचर को 30 जून तक बंद करना सही कदम है।

# बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में 224 पदों पर नौकरी का मौका; इंजीनियरिंग, ऑपरेशंस और आईटी क्षेत्र में निकली वैकेंसी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।



नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) कॉरिडोर के लिए बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान शुरू किया है। भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना में तेजी से काम आगे बढ़ने के बीच कंपनी ने इंजीनियरिंग, ऑपरेशंस, आईटी और सुरक्षा से जुड़े कुल 224 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

कुल रिक्तियों में से 209 पद गैर-कार्यकारी (नॉन-एग्जीक्यूटिव) श्रेणी के हैं, जबकि 15 पद कार्यकारी (एग्जीक्यूटिव) स्तर के हैं।

इस भर्ती अभियान में जूनियर इंजीनियर, ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मैनेजर, डिपो कंट्रोलर, ऑपरेशंस कंट्रोलर और आईटी विशेषज्ञों सहित कई तकनीकी और संचालन संबंधी पद शामिल हैं।

सबसे अधिक रिक्तियां ऑपरेशंस से जुड़े पदों में हैं, जिनमें ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मैनेजर, डिपो कंट्रोलर और ऑपरेशंस कंट्रोलर के कुल 55 पदों पर भर्ती की जाएगी। कंपनी अपने इंजीनियरिंग विभाग को भी मजबूत करने जा रही है, जिसके तहत इलेक्ट्रिकल, सिविल/ट्रैक, सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम, रोलिंग स्टॉक और ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम से जुड़े जूनियर इंजीनियर पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

नोटिफिकेशन के अनुसार, इलेक्ट्रिकल विभाग में जूनियर इंजीनियर के 47 पद, सिविल/ट्रैक में 31 पद, सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम में 20 पद, रोलिंग स्टॉक (इलेक्ट्रिकल) में 14 पद, रोलिंग स्टॉक (मैकेनिकल) में 3 पद और ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम में 5 पदों पर भर्ती होगी।

इसके अलावा, सिविल/ट्रैक, ऑपरेशंस, इलेक्ट्रिकल, सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम तथा रोलिंग स्टॉक विभागों में डिप्टी इंजीनियर पदों पर भी भर्ती की जाएगी। कार्यकारी स्तर के पदों के लिए एनएचएसआरसीएल सुरक्षा विभाग में असिस्टेंट मैनेजर के अलावा डिप्टी जनरल मैनेजर (आईटी), सीनियर मैनेजर (डेटा एनालिटिक्स) और सीनियर मैनेजर (क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर) जैसे तकनीकी पदों पर अनुभवी पेशेवरों की नियुक्ति करेगा। योग्यता की बात करें, तो आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 31 मई 2026 तक 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# स्पेसएक्स शेयर रिकॉर्ड निचले स्तर पर

## कंपनी 20 अरब डॉलर के बॉन्ड जारी कर एआई का करेगी विस्तार




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में लगातार तीसरे कारोबारी दिन भारी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को शेयर 16 फीसदी टूटकर $154.60 पर बंद हुए, जो लिस्टिंग के बाद का सबसे निचला स्तर है। इस गिरावट के साथ, कंपनी का बाजार मूल्य तीन दिनों में 600 अरब डॉलर से अधिक घट गया है। यह गिरावट मुख्य रूप से कंपनी की एक नई फंडिंग योजना के कारण मानी जा रही है, जिसके तहत स्पेसएक्स अपनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए 20 अरब डॉलर तक के निवेश-योग्य बॉन्ड जारी करने की तैयारी में है। स्पेसएक्स ने हाल के महीनों में एआई कारोबार पर तेजी से ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें फरवरी में एलन मस्क की एक्सएआई का अधिग्रहण और सोमवार को एआई स्टार्टअप रिफ्लेक्शन एआई के साथ कंप्यूटिंग संसाधन समझौते की घोषणा शामिल है। हालांकि, अपने 135 रुपए के आईपीओ मूल्य से शेयर अभी भी लगभग 15 फीसदी ऊपर है। शुरूआती लिस्टिंग में खुदरा निवेशकों की भारी दिलचस्पी दिखी थी। कीबैंक कैपिटल मार्केट्स ने होल्ड के समान रेटिंग दी है, मानते हुए कि कंपनी अंतरिक्ष में अग्रणी है, पर लंबी अवधि की संभावनाएँ पहले से मूल्य में शामिल हैं। हालांकि, इसका बाजार पूंजीकरण अभी भी 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है, जो इसे शीर्ष छह सबसे मूल्यवान कंपनियों में रखता है। निवेशकों की निगाहें अब कंपनी के एआई निवेश से मिलने वाले रिटर्न पर टिकी हैं।

# इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या तिमाही आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 1.09 अरब हुई : ट्राई

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।** भारत में कुल इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या तिमाही आधार पर 6.24 प्रतिशत बढ़कर 1.09 अरब हो गई है, जो कि दिसंबर 2025 में 1.02 अरब थी। यह जानकारी टेलीकॉम नियामक की ओर से जारी रिपोर्ट में दी गई। ट्राई की रिपोर्ट में कहा गया कि कुल इंटरनेट सब्सक्राइबर्स में से 1.04 अरब वायरलेस हैं, जबकि 4.6 करोड़ बायर (तार) के माध्यम से इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही बताया कि इसमें से 1.06 अरब ब्रॉडबैंड और 2.6 करोड़ नैरोबैंड सब्सक्राइबर्स हैं। मार्च 2026 तक ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर बेस में तिमाही आधार पर 5.81 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि नैरोबैंड सब्सक्रिप्शन में 26.62 प्रतिशत का उछाल आया। वायरलाइन टेली-डेंसिटी दिसंबर 2025 के आखिर में 3.33 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2026 के आखिर में 3.38 प्रतिशत हो गई, जिसमें 1.64 प्रतिशत की तिमाही विकास दर रही। कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़कर 1.33 अरब हो गई है, जिससे कुल टेली-डेंसिटी पिछली तिमाही के 91.74 प्रतिशत से बढ़कर 93.26 प्रतिशत हो गई।

# संक्षिप्त खबरें

## रुपया छह पैसे टूटकर 94.69 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 23 जून ।** विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर शुरूआत की वजह से रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में छह पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.69 पर पहुंच गया। डॉलर के मजबूत होने और करीब 13 महीने के उच्च स्तर के आसपास बने रहने से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.73 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में थोड़ा मजबूत होकर डॉलर के मुकाबले 94.69 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को 30 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.63 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्न वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 101.07 पर रहा।

## आरेकल ने 21,000 नौकरियां घटाई, एआई को बताया मुख्य कारण

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।** दिग्गज टेक कंपनी आरेकल कार्प ने पिछले एक साल में अपने वैश्विक कार्यबल में लगभग 21,000 कर्मचारियों की भारी कटौती की है। कंपनी ने अपनी वार्षिक नियामक फाइलिंग में इस छंटनी का मुख्य कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकों को अपनाना और उनके व्यापक उपयोग को बताया है। सोमवार को जारी फाइलिंग में आरेकल ने स्वीकार किया कि उसके परिचालन में एआई तकनीकों के बढ़ते एकीकरण ने कुछ पदों की आवश्यकता कम कर दी है, जिसका असर कर्मचारियों की संख्या पर पड़ा। 31 मई को समाप्त हुए वित्त वर्ष के अंत तक कंपनी के वैश्विक पूर्णकालिक कर्मचारियों की संख्या घटकर 1.41 लाख रह गई, जो एक वर्ष पहले 1.62 लाख थी। इस बड़ी कटौती के चलते कंपनी को पुनर्गठन पर लगभग 1.8 अरब डॉलर (करीब 15,000 करोड़ रुपए) का महत्वपूर्ण खर्च उठाना पड़ा। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, ओपनएआई जैसे ग्राहकों के लिए महंगे एआई डेटा सेंटर विकसित करने से आरेकल पर वित्तीय दबाव बढ़ा है, जिसके कारण नकदी बचाने के प्रयासों के तहत भी इस वर्ष की शुरूआत में हजारों कर्मचारियों की छंटनी की गई थी, हालांकि तब वास्तविक संख्या का खुलासा नहीं किया गया था।

# वैश्विक अस्थिरता के बीच भी भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत, जून में पीएमआई 57.4 पर रहा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।



वैश्विक अस्थिरता के बीच भी भारत में निजी क्षेत्र की गतिविधियां जून में मजबूत रही हैं और इस दौरान नए ऑर्डर्स में बढ़ोतरी देखी गई है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एचएसबीसी पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डेटा में दी गई।

एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई डेटा के मुताबिक, जून में भारतीय सामान और सेवाओं की मांग में वृद्धि धीमी हुई है, जिससे आउटपुट लेवल बढ़ाने की गुंजाइश सीमित हो गई। वहीं, कुछ महीनों की तेजी के बाद इन्वेंट्री बनाने की रफ्तार धीमी पड़ने से मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट की ग्रोथ में कमी आई है।

एचएसबीसी फ्लैश इंडिया पीएमआई कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स जून में घटकर 57.4 रहा है, जो कि मई में 59.3 था।

जब भी पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो यह आर्थिक गतिविधियों में तेजी को दिखाता है। पीएमआई डेटा में बताया गया कि लागत दबाव और मांग में कमी के कारण आर्थिक गतिविधियों में हालिया तेजी में कमी आई है।

एचएसबीसी में भारत के लिए मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'जून में निजी क्षेत्र की गतिविधियों में थोड़ी नरमी आई। नए निर्यात ऑर्डर मजबूत बने रहे और ऑर्डर-टू-इन्वेंट्री रेश्यो में बढ़ोतरी हुई, जो आगे भी मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों के मजबूत रहने का संकेत है। प्राइवेट सेक्टर में इनपुट लागत बढ़ी, लेकिन यह बढ़ोतरी पिछले पांच महीनों में सबसे धीमी रही।'

पीएमआई सर्वेक्षण में निजी क्षेत्र की कंपनियों ने लगातार हर महीने अपने खर्चों में बढ़ोतरी की बात कही है, और इसकी वजह कच्चे माल की बढ़ती कीमतों को बताया है।

खास तौर पर, सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने केमिकल, खाने-पीने की चीजों, ईंधन, गैस, मेटल और यूटिलिटी (बिजली-पानी जैसी सेवाओं) की बढ़ती लागत का जिक्र किया। इसके बावजूद, महंगाई की कुल दर लगातार तीसरे महीने कम हुई और जनवरी के बाद सबसे निचले स्तर पर आ गई।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### सेक्टर-85 के डी ब्लॉक में पेयजल संकट गहराया

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।** सेक्टर-85 के डी ब्लॉक में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्हें 36 से 48 घंटे के अंतराल में पानी की आपूर्ति हो रही है, जिसके कारण दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि कई परिवारों को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए निजी टैंकरों से पानी मंगवाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। निवासियों का कहना है कि पानी की अनियमित आपूर्ति के कारण घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। खाना बनाने, कपड़े धोने और साफ-सफाई जैसी सामान्य गतिविधियों में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच पानी की कमी ने महिलाओं, बच्चों और बुर्जुगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव उनकी दिनचर्या और जीवन दोनों को प्रभावित कर रहा है।

### एलपीजी का संकट, पीएनजी बनी खेवनहार, दो माह में तीस हजार उपभोक्ता बढ़े

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।** एलपीजी संकट के बीच पीएनजी ने लोगों को राहत देने का काम किया है। अप्रैल और मई में पीएनजी के उपभोक्ताओं की संख्या 30 हजार बढ़ गई है। कनेक्शन मिलने की धीमी गति का आरोप भी उपभोक्ता लगातार लगाते आ रहे हैं। हालत यह है कि आईजीएल कंपनी के पास करीब 28 हजार आवेदन कनेक्शन के लिए आए हैं। मार्च तक जिले में पीएनजी उपभोक्ताओं की संख्या करीब साढ़े तीन लाख थी, जो अब बढ़कर 3.80 लाख हो गई है। पश्चिमी एशिया में तनाव होने पर एलपीजी संकट बढ़ा तो लोगों ने पीएनजी का रुख किया। इसी का नतीजा रहा कि एलपीजी संकट लगातार बने रहने के बावजूद गैस एजेंसियों पर उस तरह की मारामारी अब नहीं दिख रही है। जानकारों का कहना है कि अप्रैल के महीने में शादी समारोह की वजह से भी मांग ज्यादा थी। अब उसमें भी कमी आई है। पीएनजी उपभोक्ता पमित जागिड़ ने बताया कि एलपीजी संकट के बाद पीएनजी ने निर्बाध आपूर्ति देकर विश्वास जीता है। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि हम लोगों से अपील कर रहे हैं जिन जिन इलाकों में पीएनजी की लाइन डली हुई है, वह लोग एलपीजी को छोड़कर पीएनजी का इस्तेमाल करें।

# सौर ऊर्जा की पटरी पर दौड़ रहा उत्तर रेलवे, एक साल में तीन गुना बढ़ी क्षमता

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।** उत्तर रेलवे ने हरित ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एक वर्ष में अपनी सौर ऊर्जा क्षमता तीन गुना बढ़ा दी है। रेलवे अब ट्रेनों के कोचों में लाइट, पंखे और अन्य आवश्यक उपकरणों को सौर ऊर्जा से संचालित कर बिजली की बचत कर रहा है। विशेष रूप से डीजल संचालित ट्रेनों के कोचों में लगाए गए सोलर पैनल ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, जिससे ग्रिड और डीजल आधारित बिजली पर निर्भरता कम हुई है। भारतीय रेलवे ने 'हेड ऑन जेनरेशन' (एचओजी) तकनीक के साथ 60 जोड़ी ट्रेनों तथा कई चयनित कोचों में सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली का सफल परीक्षण और संचालन किया है। उत्तर रेलवे की शकूरबस्ती कार्यशाला में सौर पैनलों से लैस डेमू (डीजल इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट) ट्रेनें और कोच



तैयार किए गए हैं। प्रत्येक कोच की छत पर 16 सोलर पैनल लगाए गए हैं, जो दिनभर ऊर्जा उत्पादन कर कोच की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। रेलवे नेटवर्क के तेजी से विद्युतीकरण और प्रदूषण कम करने की रणनीति के तहत पुराने डीजल इंजनों को चरणबद्ध तरीके से आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों से बदला जा रहा है।

### 2030 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन का रखा है लक्ष्य

भारतीय रेलवे ने वर्ष 2030 तक 'नेट जीरो कार्बन एमिशन' हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत स्टेशनों की छतों, खाली भूमि और रेल ट्रैक के किनारे सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं।

### यात्री को क्या फायदा

बिजली आपूर्ति बाधित होने या ग्रिड फेल होने की स्थिति में भी कोच में लाइट और पंखों की सुविधा बनी रहती है। इससे यात्रियों का सफर अधिक आरामदायक और सुविधाजनक होता है। रेलवे की परिचालन लागत भी कम होती है। सोलर कोच का असर और भविष्य का रोडमैप, प्रत्येक वर्ष करोड़ों यूनिट बिजली की बचत एक सोलर कोच प्रतिदिन लगभग 4.5 किलोवाट बिजली पैदा कर सकता है। इससे हर कोच सालाना 12 से 15 हजार यूनिट तक ग्रिड बिजली की बचत करता है। हजारों कोच के जुड़ने से यह बचत करोड़ों यूनिट तक पहुंच रही है। प्रत्येक सोलर कोच सालाना करीब 9 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करने में मदद करता है, जिससे पर्यावरण को बड़ा लाभ मिल रहा है।

# खोड़ा के लोगों को पानी के लिए अभी छह माह करना होगा इंतजार

**खोड़ा, यूटर्न/ 23 जून ।** नगरपालिका परिषद में पानी के लिए अभी लोगों को छह महीने और इंतजार करना पड़ेगा। 17 वार्डों में घर-घर पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना निर्धारित समय सीमा में पूरी होती नहीं दिख रही है। जिलाधिकारी ने 30 जून तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन परियोजना का केवल 40 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। बाकी काम को पूरा करने में करीब छह माह का समय लगेगा।

खोड़ा में 34 वार्डों की लगभग 12 लाख आबादी टैंकर के पानी पर निर्भर है। नगरपालिका की तरफ से प्रतिदिन एक अलग वार्ड में सुबह शाम एक-एक गंगाजल का टैंकर भेजे जा रहे हैं। बढ़ती आबादी और सीमित संसाधनों के कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। आए दिन विवाद होते हैं। बोर्ड बैठक में 18.50 करोड़ पेयजल



आपूर्ति के लिए प्रस्ताव हुआ था पास

17 जनवरी को नगरपालिका में बोर्ड बैठक में 11 प्रस्ताव पास हुए थे। उसमें ही पानी के लिए 18.50 करोड़ रुपये पानी पर खर्च होने का प्रस्ताव पास हुआ था। इसके बाद जिलाधिकारी के साथ बैठक हुई, जिसमें 30 जून तक पेयजल पाइपलाइन, बिछाने से लेकर ट्यूबवेल और अंडर वाटर टैंक बनाकर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए। 19 फरवरी से टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई। 17 वार्डों में पेयजल पाइपलाइन बिछाने और ट्यूबवेल लगाने का काम शुरू हुआ। वहीं, अवर अभियंता नवनीत गुप्ता ने बताया कि सभी वार्डों में पेयजल पाइप लाइन बिछाई जाएगी। अभी 17 वार्डों में पानी देने के लिए काम चल रहा है। जो वार्ड बचे हैं उनकी डीपीआर के लिए क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है।

नगरपालिका खोड़ा जलकल के अवर अभियंता नवनीत गुप्ता का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने के साथ-साथ पानी स्टोरेज टैंक बनाने का काम भी किया जा रहा है। जून में काम पूरा करने के निर्देश थे लेकिन टेंडर प्रक्रिया देर से होने की वजह से अभी 40 फीसदी काम हुआ है। अभी करीब छह माह का समय लगेगा।

### नालों की नहीं हुई सफाई मानसून में फिर होगी पानी भरने से परेशानी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।** मानसून आने को बस कुछ ही दिन रह गए हैं लेकिन अभी तक भी जिम्मेदार विभागों ने नालों की सफाई शुरू नहीं कराई है। जिम्मेदारों की इस लापरवाही का खामियाजा एक बार फिर से शहर के लोगों को भुगतना पड़ सकता है। साइट चार औद्योगिक क्षेत्र के नालों में शिल्ट जमा हुआ है। हल्की बारिश में भी नाला उफन कर सड़क पर आ जाएगा। ऐसे में यहां से न केवल गुजरने वाले लोग प्रभावित होंगे बल्कि उद्योग भी प्रभावित होगा। साइट चार में करीब दो हजार से अधिक छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाई है। इनमें करीब बीस हजार से अधिक मजदूर काम करते हैं। यही नहीं सौर ऊर्जा माग दिल्ली से भी जुड़ा हुआ है। गत वर्ष भी मानसून में साइट चार, सौर ऊर्जा मार्ग की दोनों ओर की सड़कों पर लबालब पानी भरा रहा था। उद्यमियों का कहना है कि जल्द ही यदि यहां के नालों की सफाई नहीं हुई तो एक बार फिर से परेशानी बढ़ेगी। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी चरणजीत सिंह का कहना है कि मानसून में सड़क पर पानी भर जाने से उद्योग भी प्रभावित होता है। जल भराव की वजह से मजदूरों के आने-जाने में दिक्कत होने के साथ ही माल वाहन गाड़ियों की आवाजाही भी प्रभावित होती है। संस्था के महासचिव मुकेश गुप्ता ने बताया कि पिछले दिनों ही इस संबंध में समिति की ओर से यूपीसीडा अधिकारियों से अपील की गई थी कि नाले की सफाई समय से की जाए ताकि समस्या न हो। यूपीसीडा के प्रबंधक सोनू कुमार पांडेय का कहना है कि नालों की सफाई का टेंडर हो चुका है, अगले 10-15 दिनों में कम शुरू करा दिया जाएगा।

### सिविल सर्जन को बढ़ी वित्तीय शक्ति से जिला अस्पताल के विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।** जिला नागरिक अस्पताल और जिले के अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विकास कार्यों और बुनियादी सुविधाओं को अब नई गति मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सिविल सर्जनों की वित्तीय शक्तियां एक लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये किए जाने के निर्देश के बाद अस्पतालों में छोटे-छोटे विकास कार्यों के लिए उच्च स्तर से मंजूरी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस निर्णय से अस्पतालों में पेयजल, शौचालय, पंखे, एसी, रंगाई-पुताई, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा किया जा सकेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के निर्देश भी दिए हैं। इससे अस्पतालों की बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी और बिजली खर्च में भी कमी आएगी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 12 जिला अस्पतालों में चल रहे नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, लैब को हाई-टेक बनाने और जच्चा-बच्चा वार्डों के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए हैं। बीके नागरिक अस्पताल में भी इन निर्देशों का लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा सिविल सर्जनों की वित्तीय शक्तियां बढ़ाने का निर्णय स्वागतयोग्य है। इससे अस्पतालों में आवश्यक विकास कार्यों और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। साथ ही सोलर पैनल लगाने की योजना से ऊर्जा बचत को बढ़ावा मिलेगा और अस्पतालों को दीर्घकालिक लाभ होगा।

# वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियां रोक रहीं एचपीवी टीकाकरण की रफ्तार

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।**

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान में फरीदाबाद की रफ्तार अभी भी धीमी बनी हुई है। जिले में करीब 21,500 किशोरियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य तय किया गया है, लेकिन अब तक केवल करीब 10 प्रतिशत बालिकाओं का ही टीकाकरण हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि जागरूकता की कमी और वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियां अभियान की धीमी प्रगति का प्रमुख कारण हैं।

जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के तहत अब तक 1,500 से




अधिक डोज दी जा चुकी हैं।

हालांकि हाल के दिनों में टीकाकरण की रफ्तार में कुछ सुधार दर्ज किया गया है और एक दिन में 111 डोज तक दी गई हैं, लेकिन जिले का कुल कवरेज अभी भी राज्य के अग्रणी जिलों की तुलना में काफी कम है।

हरियाणा में एचपीवी टीकाकरण कवरेज में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यूविन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2.26 लाख लक्षित किशोरियों में से 27,227 का टीकाकरण किया जा चुका है। राज्य का कुल कवरेज 23 अप्रैल को लगभग छह प्रतिशत से बढ़कर चार मई तक 12 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

राज्य में करनाल और यमुनानगर एचपीवी टीकाकरण अभियान में सबसे आगे हैं। करनाल में 56 प्रतिशत और कुरुक्षेत्र में 51 प्रतिशत कवरेज दर्ज किया गया है, जबकि यमुनानगर में 45 प्रतिशत बालिकाओं को वैक्सीन लग चुकी है। इसके विपरीत फरीदाबाद का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को गति देने के लिए स्कूलों, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद लेना शुरू किया है। स्कूलों में पात्र छात्राओं की पहचान की जा रही है, जबकि स्कूल नहीं जाने वाली किशोरियों तक पहुंचने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। झुग्गी बस्तियों, निर्माण स्थलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सर्वाइकल कैंसर के अधिकांश मामले एचपीवी संक्रमण से जुड़े होते हैं। भारत में हर वर्ष लगभग 79 हजार नए मामले सामने आते हैं और करीब 35 हजार महिलाओं की मौत इस बीमारी से होती है। ऐसे में समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाना बेहद जरूरी है।

### सांसद के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 जून ।** सांसद अतुल गर्ग के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट डालकर रंगदारी मांगने के आरोप के मामले में कविनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने सांसद प्रतिनिधि से 50 हजार रुपये वसूले थे। पुलिस ने उसके पास से पचास हजार रुपये बरामद किए हैं।

कार्यवाहक एसीपी कविनगर जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मेरठ के लिसाड़ी गेट निवासी सोनू चौहान उर्फ अमीर हसन है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसके पास से बरामद 50 हजार रुपये वही रकम है, जो उसने सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल से रंगदारी के रूप में ली थी। आगे भी कुछ और धनराशि दिए जाने का आश्वासन उसे मिला था। एसीपी ने बताया कि आरोपी के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

मामले में 15 जून को सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल ने कविनगर थाने में शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि 14 जून की सुबह वह अपने डी-ब्लॉक स्थित कार्यालय में फेसबुक चला रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक वीडियो दिखाई दिया, जिसे एक ओटीटी न्यूज प्लेटफॉर्म की सामग्री बताकर फेसबुक पर साझा किया गया था। आरोप है कि यह वीडियो सोनू चौहान नाम के फेसबुक अकाउंट से अपलोड और प्रसारित किया गया था। वीडियो में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग के संबंध में गंभीर आरोप लगाए गए है।





रश्मिका अगली बार रवींद्र पुल्ले की फिल्म 'मैसा' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। 18 जून को, फिल्म निमार्ता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया कि फिल्म के एक गाने की शूटिंग पूरी हो चुकी है।

# रश्मिका मंदाना ने

## अपनी पेट डॉग 'ऑरा' के साथ खुशी के कुछ पल साझा किए

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपने प्यारे पेट डॉग ऑरा के साथ खुशी के कुछ पल अपने प्रशंसकों से साझा किए। सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर, 'पुष्पा' अभिनेत्री ने अपने चार पैरों वाले दोस्त के साथ कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए। पोस्ट के पहले वीडियो में, रश्मिका अपने पेट डॉग पर खूब प्यार बरसाती नजर आ रही हैं। इसके बाद 'एनिमल' अभिनेत्री की कुछ सेल्फी और कच्चे आम के टुकड़ों की कुछ लजीज तस्वीरें भी साझा की गईं, जिनका रश्मिका ने आनंद लिया। एक तस्वीर में ऑरा रश्मिका के बगल में शांति से बैठी हुई है और प्यार से उन्हें देख रही है। आखिरी वीडियो क्लिप में, 'द गर्लफ्रेंड' की अभिनेत्री रश्मिका को एक गहरी नजर से देखते हुए देखा गया, 'ये सभी लड़कियां एक जैसी दिखती हैं: लंबे बाल, बड़ी आंखें, लंबी नाक।'

पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, 'बस मैं, मेरी प्यारी ऑरा, कच्चे आम और खुशी के छोटे-छोटे पल।' जो लोग नहीं जानते, रश्मिका एक प्यारी कॉकर स्पैनियल, ऑरा की मालकिन हैं। काम के मोर्चे पर, रश्मिका अगली बार रवींद्र पुल्ले की फिल्म 'मैसा' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

18 जून को, फिल्म निमार्ता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया कि फिल्म के एक गाने की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने गाने के सेट की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'मैसा गाने की शूटिंग पूरी हो गई है।' रश्मिका पर फिल्माए गए इस गाने को ब्रिंदा ने कोरियोग्राफ किया है। इससे पहले, मई में रश्मिका ने खुलासा किया था कि उन्होंने केरल में ड्रामा का एक लंबा शेड्यूल पूरा कर लिया है।

अपने इंस्टाग्राम पर रश्मिका ने यूनिट की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, 'दोस्तों, एक छोटी सी खुशखबरी है कि हमने केरल में 'मैसा' का एक लंबा शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है!!' उन्होंने आगे लिखा, 'और ये कुछ प्यारे लोग थे जिन्होंने इतनी मेहनत की और इसे संभव बनाया। आप सभी का धन्यवाद और जल्द ही सेट पर फिर मिलेंगे।



## खामोश रहकर भाव दिखाना सबसे बड़ी चुनौती: सोनाली बेंद्रे

नई वेब सीरीज राख को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस सीरीज में कहानी, माहौल और अभिनय तीनों की काफी चर्चा हो रही है। इस वेब सीरीज में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे का किरदार लोगों का ध्यान खींच रहा है। लंबे समय बाद स्क्रीन पर वापसी करने वाली सोनाली ने इस बार एक ऐसे किरदार को निभाया है जिसमें डायलॉग्स बेहद कम हैं और पूरा अभिनय भावनाओं और खामोशी के जरिए दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि यह किरदार उनके लिए कितना अलग और चुनौतीपूर्ण रहा। सोनाली बेंद्रे ने कहा, मेरे पास काम करने के लिए बहुत अच्छा कंटेंट था। सच कहूं तो मेरा 50 प्रतिशत से ज्यादा काम पहले हो गया था। कहानी ने मुझे इतना मजबूत आधार दिया कि मुझे अपने किरदार को गढ़ने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। सोनाली ने कहा, मेरे किरदार में डायलॉग्स न होना एक अलग अनुभव था। अब मेरी पहले जैसी याददाश्त नहीं रही, इसलिए लंबे डायलॉग याद करना मुश्किल हो जाता है, लेकिन इस किरदार में इसकी जरूरत ही नहीं थी।


## फोटो स्टोरी



न्यूजर्सी में नार्वे और सेनेगल के बीच हुए फीफा विश्वकप फुटबॉल मैच में सेनेगल के निकोलस जेकसन गोल दागते हुए।

## डच लेडीज ओपन में दीक्षा सहित तीन भारतीय गोल्फर शीर्ष पांच में शामिल


**एमेन्स, यूटर्न/ 23 जून ।** तीन भारतीय महिला गोल्फरों दीक्षा डागर, अवनी प्रशांत और प्रणवी उर्स ने नीदरलैंड्स के एमेन्स में संपन्न डच लेडीज ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पांच में जगह बनायी है। यह पहली बार है जब तीन भारतीय खिलाड़ियों को किसी इवेंट में शीर्ष पांच में जगह बनायी है। इससे अंदाजा होता है कि देश में महिला गोल्फ का स्तर लगातार आगे बढ़ रहा है। दीक्षा और अवनी ने आठ अंडर 208 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरा स्थान हासिल किया है जबकि प्रणवी सात अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर रहीं हैं। यह चौथी बार है जब दीक्षा शीर्ष 10 में रही है। वहीं अवनी के लिए यह लगातार दूसरी बार है जब वह शीर्ष 5 में रही हैं। प्रणवी पहली बार शीर्ष 5 में रही हैं। अवनी अवनी ने अंतिम राउंड में छह बर्डी की सहायता से शानदार पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर अपनी प्रतिभा दिखायी है। दीक्षा ने पूरे टूनामेंट में 68, 70 और 69 के राउंड खेलकर अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखी है जबकि प्रणवी ने शुरूआती राउंड में 73 का स्कोर बनाने के बाद जबरदस्त वापसी की। टूनामेंट का खिताबी मुकाबला थाईलैंड की औचिसा उतामा ने जीता।





## बीमारी से जूझ रही सामंथा रुथ

साउथ और बॉलीवुड एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मा इंटि बंगरम के प्रमोशन को लेकर बिजी हैं। ग्लैमर की दुनिया बाहर से जितनी सुंदर दिखती है, अंदर की कहानी उतनी ही दुखभरी होती है। ऐसी ही एक सैड स्टोरी एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने शेयर की है। अपनी मूवी के प्रमोशन के दौरान उन्होंने बताया कि वे एक मायोसिटिस नाम की बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने अपनी सेहत से जुड़ी जो बातें बताई, उसने सबको भावुक कर दिया। सामंथा ने बताया कि आए दिन लोग उनसे सवाल करते रहते थे कि आप इतनी पतली कैसे हो रही हैं और इतने लंबे ब्रेक पर क्यों हैं। अपनी बात को रखते हुए उन्होंने कहा कि अक्सर व्यक्ति किसी दूसरे की परिस्थितियों को समझ नहीं पाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है कि उन्हें खाने की इच्छा नहीं होती, बल्कि उनकी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां ऐसी हैं कि चाहकर भी वे ठीक से भोजन नहीं कर पातीं। यही वजह है कि उनके लिए सामान्य तरीके से खाना खाना भी कई बार मुश्किल हो जाता है। इसी बीच सामंथा ने अपनी बीमारी से जुड़ा एक भावुक किस्सा भी शेयर किया।



## औजला के गीत विनिंग स्पीच से मिलती है जीत की प्रेरणा : विराट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का कहना है कि वह पंजाबी गायक करण औजला के गाने विनिंग स्पीच से प्रेरित हैं और इसे अपनी जीत का मंत्र मानते हैं। विराट के अनुसार उन्हें लगता है कि जिस प्रकार के बोल इसमें हैं। उससे उन्हें अपने जीवन की यात्रा और संघर्षों का प्रतिबिंब इसमें दिखता है। वे इसे अपनी व्यक्तित्व से गहराई से जुड़ा हुआ मानते हैं। विराट का कहना है कि यह गीत उन्हें अपनी यात्रा, संघर्षों और जीवन के अनुभवों की याद दिलाता है, यही वजह है कि वे इसे दिल के करीब मानते हैं। विराट ने एक कार्यक्रम में कहा कि मैच से पहले वह आमतौर पर विनिंग स्पीच सुनते हैं। उन्होंने इस गाने के प्रति अपने गहरे जुड़ाव को लेकर कहा, आप अपने दिल से गाने लिखते हो। जिस गीत से मैं बहुत जुड़ाव महसूस करता हूं, वह है विनिंग स्पीच क्योंकि उस गाने में उसी प्रकार की यात्रा के बारे में बताया गया है जिससे मैं गुजरा हूं। मैंने अपने पिता को बहुत कम उम्र में खो दिया था, इसलिए यह गीत मेरे लिए बहुत विशेष है। उन्होंने बताया कि इस गीत के बोल उन्हें अपनी यात्रा और अनुभवों की याद दिलाते हैं, जो उन्हें हर बार प्रेरित करते हैं।

इस कार्यक्रम में औजला ने अपने गानों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने विनिंग स्पीच सहित वेवी और एमएफ गबरू जैसे लोकप्रिय गाने गाए। कार्यक्रम के दौरान, औजला ने विराट को मंच पर आमंत्रित किया, जिसे देखकर दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सोशल मीडिया पर इस इवेंट के वीडियो तेजी से वायरल हुए, जिसने इस शानदार शाम को और भी विशेष बना दिया। इस यादगार रात को बनाने के लिए क्रिकेट, संगीत और फैशन जगत की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। इसी मंच पर विराट ने अपने कभी हार न मानने वाले रवैये पर कहा कि मुझे ऐसे हालात पसंद हैं जब लोगों को लगता है कि मैच हाथ से निकल गया है और फिर किसी तरह आप गेम को वापस अपनी तरफ मोड़ लेते हैं। उन्होंने बचपन से ही इस मानसिकता को अपनाने की बात कही और बताया कि उन्होंने कभी भी अंत तक यह नहीं माना कि मैच हार गए हैं या वे जीत नहीं सकते। साथ ही कहा कि जब तक आप मैच हार नहीं जाते, तब तक खेल खत्म नहीं होता। विराट की यह अडिग भावना और उनका जीवन दर्शन, औजला के गीत विनिंग स्पीच के संदेश को बखूबी दर्शाता है, जो उन्हें मैदान पर और जीवन में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

# अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद से तय होगी ईरान को मिलने वाली राहत : डोनाल्ड ट्रंप

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 23 जून ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान को किसी भी प्रतिबंधों में दी जाने वाली राहत अमेरिकी खेती के प्रोडक्ट्स की खरीद से जुड़ी होगी। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच नए समझौते को लेकर जो बातचीत हो रही है, उसके तहत तेहरान को कभी भी परमाणु हथियार बनाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

क्वांटम टेक्नोलॉजी पर एग्जीक्यूटिव ऑर्डर साइन करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही बातचीत पर विस्तृत जानकारी दी। ट्रंप ने बातचीत को प्रोडक्टिव बताया और कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से शिपिंग सामान्य स्तर पर लौट आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'हमारा स्ट्रेट खुला है और हमारे पास एक ऐसा देश है जिसके पास कभी परमाणु हथियार कभी नहीं होगा।' उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल स्विट्जरलैंड में ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। बातचीत में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के भविष्य, होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय विवाद सुलझाने के तरीकों पर जोर रहा।



ट्रंप ने कहा कि सरकार प्रतिबंधों में राहत देने पर विचार कर रही है। उन्होंने संकेत दिया कि जो भी फंड फ्रीज नहीं किया गया है, उसे अमेरिका से खाद्य वस्तुओं को खरीदने में इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'एक चीज जो हम कर रहे हैं और यह बात कल रात सामने आई, वह यह है कि जो पैसा फ्रीज नहीं हो रहा है, उसका इस्तेमाल खाना खरीदने में किया जाएगा। और खाना सिर्फ अमेरिका के जरिए हमारे किसानों से खरीदा जाएगा। मक्का, सोयाबीन, उनकी जरूरत की सभी चीजें हमारे किसानों से खरीदी जाएंगी।'

यह पूछे जाने पर कि क्या प्रतिबंध हटाने से ईरान अपनी सैन्य क्षमता फिर से बना पाएगा, ट्रंप ने कहा कि यह तय हुआ था कि पैसे का इस्तेमाल मानवीय कार्यों के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'उन्हें अपने लोगों के लिए खाना खरीदने के लिए पैसे का इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि अभी उनके लोग बहुत भूखे हैं।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी भरोसा जताया कि बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत-चीन संबंधों पर सेना प्रमुख की भारतीय राजदूत संग अहम बैठक

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी व चीन में भारत के राजदूत के बीच एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई है। चीन में भारत के राजदूत विक्रम के. दोरईस्वामी नई दिल्ली में सेना प्रमुख से मुलाकात के लिए पहुंचे थे। इस मुलाकात के दौरान मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। दोनों ने क्षेत्रीय और वैश्विक रणनीतिक परिदृश्य में हो रहे बदलावों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में भारत और चीन के बीच वर्तमान द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही संवाद और सहयोग के मौजूदा तंत्रों को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। गौरतलब है कि दोनों पक्षों लगातार बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच पारस्परिक समझ और सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दे रहे हैं। वहीं एक अन्य डेवलपमेंट में भारतीय सेना ने स्वदेशी डिजिटल परिवर्तन को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके अंतर्गत जोहो कॉर्पोरेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

### कांगो में इबोला का प्रकोप जारी, कन्फर्म मामले बढ़कर हुए 1,048

**किंशासा, यूटर्न/ 23 जून ।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला के कन्फर्म मामलों की संख्या बढ़कर 1,048 हो गई है। इबोला के 1,048 मामलों में 267 लोगों की मौत भी शामिल हैं। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इबोला को लेकर एक नई रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, रविवार तक के डेटा के हिसाब से, 371 मरीज आइसोलेशन में थे या हॉस्पिटल में भर्ती थे, जबकि 112 लोग ठीक हो गए थे। रविवार तक कुल 202 संदिग्ध मामलों की पहचान हुई, जिनमें 60 मौतें शामिल हैं।

## ईरान पर तेल से जुड़े प्रतिबंध कुछ समय के लिए हटाए गये : जेडी वेंस

**बुर्गेनस्टॉक, यूटर्न/ 23 जून ।** अमेरिका ने सोमवार को ईरान पर तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों को कुछ समय के लिए हटा लिया है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि ईरान संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निरीक्षकों को देश में वापस लौटने की अनुमति देगा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस ने कल कहा कि ईरान पर तेल से जुड़े प्रतिबंध कुछ समय के लिए हटाए गये है। पश्चिमी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा कि यह कदम तब उठाया गया जब ईरान, संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निरीक्षकों को देश में वापस आने की इजाजत देगा। स्विट्जरलैंड के आलीशान बुर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में बातचीत के बाद श्री वेंस ने पत्रकारों से कहा, 'हमने एक सफल अंतिम समझौते के लिए बहुत अच्छी नींव रखी है।' इस बातचीत का मकसद ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध को खत्म करना है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि 'परमाणु मुद्दे पर बहुत संक्षिप्त चर्चा हुई लेकिन विस्तार से कोई बातचीत नहीं हुई।' अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य, जो दुनिया के ज्यादातर तेल के लिए एक अहम रास्ता है - अब जहाजों की आवाजाही के लिए 'पूरी तरह से खुला' है। ईरान ने युद्ध की शुरूआत में ही इस जलमार्ग को बंद कर दिया था, जिससे पूरी दुनिया में आर्थिक हलचल मच गई थी।



## भारत और इजरायल ने बढ़ाया संस्थागत सहयोग, ऑडिटिंग और तकनीक क्षेत्र में हुआ समझौता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

इजरायल के राज्य नियंत्रक व लोकपाल और ईयूआरओएसएआई के अध्यक्ष मतन्याहू एंग्लमैन भारत के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के. संजय मूर्ति ने मतन्याहू एंग्लमैन के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

बैठक में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के ऑफिस से डिप्टी कंट्रोलर और ऑडिटर जनरल (एचआर, आईआर, लीगल और कोऑर्डिनेशन) के. एस. सुब्रमण्यम, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) बी. के. मोहंती; डायरेक्टर जनरल (अंतरराष्ट्रीय संबंध) विमलेंद्र पटवर्धन; भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार और इजरायल के राज्य नियंत्रक और लोकपाल ऑफिस से अंतरराष्ट्रीय विभाग की प्रमुख मिरी वीस शामिल हुए।




दोनों नेताओं के बीच यह बैठक एक ज्ञापन समझौते पर हस्ताक्षर के साथ खत्म हुई, जिससे पब्लिक सेक्टर ऑडिटिंग, कैपेसिटी बिल्डिंग, तकनीक अपनाने, विशेषज्ञता में लेन-देन और अच्छे अभ्यास को साझा करने में सहयोग का रास्ता बना।

भारत में इजरायल के दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'इजरायली दूतावास, इजरायल के राज्य नियंत्रक और लोकपाल के ऑफिस और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के ऑफिस के बीच पर हस्ताक्षर होने का स्वागत करता है।'

दूतावास ने कहा कि नई दिल्ली के अपने दौरे के दौरान इजरायल के राज्य नियंत्रक व लोकपाल और ईयूआरओएसएआई के अध्यक्ष मतन्याहू एंगलमैन ने पब्लिक सेक्टर ऑडिटिंग, कैपेसिटी बिल्डिंग, टेक, और इंस्टीट्यूशनल लर्निंग और कोलेबोरेशन में कोऑपरेशन को आगे बढ़ाने के लिए भारत के कंट्रोलर और ऑडिटर जनरल के. संजय मूर्ति से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर इजरायल और भारत के बीच बढ़ती साझेदारी को दर्शाता है।

इसके अलावा, भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने 22 जून को इजरायल रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अमीर बराम से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच हुई चर्चा सह-विकास, सह-उत्पादन और अगली पीढ़ी की सैन्य तकनीकों और उन्नत रक्षा क्षमताओं में सहयोग के माध्यम से भारत-इजरायल रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित थी।

रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी कि इजरायल रक्षा मंत्रालय के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल (रिटायर्ड) आमिर बारम ने 22 जून को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। बातचीत भारत-इजरायल रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित थी, जिसमें इजरायल ने भारत-इजरायल विशेष रणनीतिक साझेदारी के तहत सहयोग बढ़ाने के अपने वादे को दोहराया।

## समय से पूर्व यूरोप में पड रही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, कई इलाकों में हाई अलर्ट

**पेरिस, यूटर्न/ 23 जून ।** गर्मियों के मौसम की शुरूआत से पहले ही पश्चिमी यूरोप इस साल दूसरी बार एक भयानक हीटवेव की चपेट में आ गया है, जिससे इंग्लैंड से लेकर फ्रांस और जर्मनी तक के लोग एक साथ तपती गर्मी का सामना कर रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस हफ्ते गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली है, और जून के महीने में इस तरह का तापमान देखकर हर कोई हैरान है। मौसम विभाग ने कई इलाकों में हाई अलर्ट जारी किया है, और फ्रांस में हालात सबसे ज्यादा खराब नजर आ रहे हैं, जहाँ तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच सकता है। जर्मनी और इंग्लैंड में भी रिकॉर्ड तोड़ने वाली गर्मी पड़ रही है। इस खतरनाक मौसम के पीछे एक खास तरह का वैज्ञानिक कारण, जिसे हीट डोम कहा जाता है, काम कर रहा है। फ्रांस की मौसम एजेंसी ने अपने 60 विभागों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जो उनका दूसरा सबसे बड़ा अलर्ट है। 21 जून से कुछ इलाकों में इसे रेड अलर्ट में भी बदला जा सकता है। फ्रांस में हीटवेव को कैनिकल कहा जाता है, जिसका मतलब खतरनाक गर्म दिनों और रातों का दौर होता है। एजेंसी का अनुमान है कि 22 जून का दिन सबसे खराब हो सकता है, जब तापमान 37 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। यह फ्रांस के इतिहास में जून का सबसे गर्म दिन बन सकता है। इंग्लैंड में भी गर्मी से हालात काफी खराब हो गए हैं, जहाँ के मेट ऑफिस ने दक्षिणी इंग्लैंड के लिए अंबर एक्सट्रीम हीट वॉर्निंग जारी की है। यह चेतावनी 22 और 23 जून के लिए है, और वहाँ तापमान 34 डिग्री तक पहुँच सकता है, जो साल 1976 में बने 35.6 डिग्री के रिकॉर्ड के बहुत करीब है।

## तनाव और सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रही दुनिया में ब्रिक्स की है खास भूमिका : अजित डोभाल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 जून ।**

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने मंगलवार को कहा कि ब्रिक्स केवल देशों के समूह से कहीं ज्यादा है। उन्होंने इसे दुनिया की लगभग आधी आबादी का एक सामूहिक घर बताया, जिसकी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में 'खास भूमिका' है। खासतौर से ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय सिस्टम बढ़ती अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और बदलते सुरक्षा खतरों का सामना कर रहा है।

16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सालहकारों की मीटिंग में एनएसए अजित डोभाल ने अपने समकक्षों का स्वागत किया और सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने समूह के अंदर सहयोग को आगे बढ़ाने में लगातार जुड़े रहने और समर्थन के लिए हिस्सा लेने वाले देशों को धन्यवाद दिया। एनएसए अजित डोभाल ने



अपने भाषण की शुरूआत में कहा, 'मैं आज आपकी मौजूदगी और ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के आपके लगातार कमिटमेंट के लिए आप सभी का शुक्रिया अदा करता हूं।'

मौजूदा वैश्विक हालात को हाइलाइट करते हुए, उन्होंने कहा कि दुनिया एक खास तौर पर मुश्किल दौर से गुजर रही है, जिसमें हथियारों से जुड़ी लड़ाइयां, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, आर्थिक दबाव और ऐसी विघटनकारी प्रौद्योगिकी का आना शामिल है जो अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के माहौल को बदल रही हैं।

## किम जोंग ने किया सुपरस्पीड परमाणु विस्तार का ऐलान

### मिडिल ईस्ट में तनाव, दुनिया में खतरे की आहट

» **प्योंगयांग, यूटर्न/ 23 जून ।**

पूरी दुनिया की नजरें इस वक्त मध्य पूर्व में चल रहे खूनखराबे और उसके बाद चल रही शांति की कवायद पर टिकी हैं, लेकिन इस भयंकर वैश्विक अस्थिरता के बीच उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने एक ऐसा खौफनाक फैसला लिया है। जिसने दुनिया भर में खतरे की घंटी बजा दी है। मध्य पूर्व के हालातों का हवाला देते हुए किम ने साफ कर दिया है कि उत्तर कोरिया अब किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा और अपनी परमाणु ताकत को सुपरस्पीड से बढ़ाएगा। अमेरिका और जापान की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने हथियारों के जखीरे को तेज गति से बढ़ाने को देश की रक्षा का एकमात्र और सबसे सही रास्ता करार दिया है। तानाशाह के इस विनाशकारी ऐलान ने पश्चिमी देशों की नींद उड़ा दी है और दुनिया



को एक नए सैन्य तनाव के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। उत्तर कोरिया की रिपोर्ट के अनुसार, शासक दल वर्कर्स पार्टी की तीन दिवसीय पोलित ब्यूरो बैठक सोमवार को समाप्त हुई। इस दौरान किम जोंग उन ने उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमताओं को लगातार बढ़ती गति के साथ और अधिक मजबूत करने का आ'ान किया है। उन्होंने मध्य पूर्व में चल रहे खून-खराबे का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में अपनी रक्षा के लिए परमाणु हथियारों का विस्तार ही सबसे सही और अद्वितीय तरीका है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *